भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †3586
सोमवार, 11 अगस्त, 2025/20 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटकों के आगमन की संख्या के संबंध में स्थिति**

**†3586. श्री सुनील बोस:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष के दौरान देश में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हाँ, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में पर्यटकों की संख्या और आगमन की स्थिति का देश-वार ब्यौरा क्या है, इससे कितना राजस्व अर्जित हुआ है और देश के सकल घरेलू उत्पाद पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है;

(ग) क्या सरकार ने नई पर्यटन परियोजनाएँ शुरू की हैं और विदेशों में पर्यटन कार्यालय खोले हैं, यदि हाँ, तो उक्त अवधि के दौरान इन विदेशी कार्यालयों के संचालन पर देश-वार व्यय सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार द्वारा देश में अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों को कोई विशेष पैकेज प्रदान किया गया है/प्रदान करने की योजना बनाई जा रही है और यदि हाँ, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार प्रदान की गई निधि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारत में विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) का विवरण निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **विदेशी पर्यटकों का आगमन (लाख में)** |
|---|---|
| 2022 | 64.37 |
| 2023 | 95.21 |
| 2024 | 99.52 |
| 2025 (जनवरी से अप्रैल) (अ) | 32.41 |

(अ): अनंतिम

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश-वार विदेशी पर्यटकों के आगमन का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसी अवधि के दौरान भारत में पर्यटन से हुई विदेशी मुद्रा आय नीचे दी गई है:

| वर्ष | भारत में पर्यटन से हुई विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रु. में) |
|---|---|
| 2022 | 1,69,917 |
| 2023 | 2,66,045 |
| 2024#2 | 2,93,033 |
| 2025 (जनवरी से अप्रैल) (अ) | 98,289 |

#2: संशोधित अनुमान

(अ): अनंतिम अनुमान

वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन क्षेत्र का योगदान निम्नानुसार है:

| वर्ष | सकल घरेलू उत्पाद में कुल हिस्सा (% में) |
|---|---|
| 2021-22 | 1.75 |
| 2022-23* | 5.09 |
| 2023-24 (अ) | 5.22 |

*: संशोधित अनुमान

(अ): अनंतिम अनुमान

स्रोत: राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एनएएस) 2025 पर आधारित अनुमान

(ग): पर्यटन मंत्रालय, विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से विभिन्न पहलों के माध्यम से, विदेशी बाज़ारों में भारत का एक पर्यटक स्थल के रूप में संवर्धन करता है। वर्तमान में, मंत्रालय का विदेश में कोई पर्यटन कार्यालय नहीं है।

(घ): यद्यपि पर्यटन का संवर्धन और विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की जिम्मेदारी है, परंतु पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'राष्ट्रीय तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के तहत देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

मंत्रालय ने गंतव्य-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी एवं जिम्मेदारीयुक्त गंतव्य के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के तहत 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

*****

**अनुबंध**

श्री सुनील बोस द्वारा पर्यटकों के आगमन की संख्या के संबंध में स्थिति के संबंध में दिनांक 11.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3586 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश-वार विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) का विवरण निम्नानुसार है:**

| क्र.सं. | देश | 2022 | 2023 | 2024 | 2025 (जनवरी से अप्रैल) (अ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 14,03,399 | 16,91,498 | 18,04,586 | 6,03,841 |
| 2 | बांग्लादेश | 12,77,557 | 21,19,826 | 17,50,165 | 1,33,363 |
| 3 | यूनाइटेड किंगडम | 6,41,051 | 9,20,591 | 10,22,587 | 4,15,056 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 3,76,898 | 4,56,167 | 5,18,205 | 1,77,636 |
| 5 | कनाडा | 2,89,259 | 3,85,938 | 4,76,273 | 2,13,699 |
| 6 | मलेशिया | 1,26,192 | 2,62,458 | 3,07,526 | 1,29,122 |
| 7 | श्रीलंका | 1,83,459 | 2,80,327 | 2,81,827 | 1,12,531 |
| 8 | जर्मनी | 1,41,425 | 2,23,575 | 2,56,348 | 1,04,170 |
| 9 | फ्रांस | 1,20,282 | 1,88,981 | 2,06,855 | 88,536 |
| 10 | सिंगापुर | 1,32,668 | 1,83,772 | 2,05,383 | 68,562 |
| 11 | नेपाल | 1,38,203 | 1,95,445 | 2,02,501 | 67,631 |
| 12 | जापान | 64,196 | 1,50,521 | 1,94,875 | 75,108 |
| 13 | रूसी संघ | 97,911 | 1,64,125 | 1,60,188 | 78,433 |
| 14 | इटली | 62,226 | 1,16,031 | 1,42,239 | 59,710 |
| 15 | थाईलैंड | 54,367 | 1,16,060 | 1,40,489 | 57,056 |
| 16 | कोरिया गणराज्य | 49,423 | 97,726 | 1,12,924 | 23,536 |
| 17 | नीदरलैंड | 55,019 | 82,047 | 93,579 | 35,957 |
| 18 | पुर्तगाल | 69,522 | 81,916 | 92,582 | 34,830 |
| 19 | मालदीव | 71,707 | 83,776 | 84,770 | 23,633 |
| 20 | स्पेन | 39,658 | 73,412 | 81,959 | 28,840 |
| 21 | न्यूज़ीलैंड | 54,974 | 72,458 | 81,115 | 30,574 |
| 22 | ओमान | 56,474 | 71,980 | 66,703 | 19,642 |
| 23 | संयुक्त अरब अमीरात | 43,702 | 59,480 | 66,699 | 14,760 |
| 24 | फ़िलीपींस | 28,379 | 50,064 | 57,542 | 19,627 |
| 25 | वियतनाम | 37,232 | 57,284 | 54,091 | 20,585 |
| 26 | केन्या | 35,743 | 49,574 | 52,294 | 17,939 |
| 27 | मॉरीशस | 24,743 | 40,442 | 48,683 | 22,966 |
| 28 | म्यांमार | 15,963 | 51,235 | 47,588 | 26,778 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | इज़राइल | 36,418 | 44,996 | 47,465 | 23,296 |
| 30 | आयरलैंड | 30,959 | 39,166 | 46,494 | 17,385 |
| 31 | सऊदी अरब | 18,513 | 39,127 | 46,167 | 13,289 |
| 32 | दक्षिण अफ़्रीका | 25,860 | 41,969 | 44,168 | 15,460 |
| 33 | स्विट्ज़रलैंड | 25,255 | 41,004 | 44,122 | 17,558 |
| 34 | पोलैंड | 18,025 | 35,457 | 43,316 | 19,283 |
| 35 | भूटान | 20,772 | 35,123 | 41,265 | 17,706 |
| 36 | स्वीडन | 22,372 | 36,007 | 41,246 | 14,623 |
| 37 | इराक | 36,277 | 36,012 | 40,247 | 11,972 |
| 38 | बेल्जियम | 24,172 | 36,158 | 39,813 | 16,304 |
| 39 | इंडोनेशिया | 13,961 | 32,677 | 39,227 | 15,190 |
| 40 | चीन | 11,762 | 30,585 | 38,960 | 14,703 |
| 41 | तुर्की | 18,996 | 33,590 | 35,829 | 12,218 |
| 42 | तंजानिया | 18,581 | 26,790 | 30,730 | 10,402 |
| 43 | ऑस्ट्रिया | 18,375 | 27,420 | 30,393 | 13,751 |
| 44 | कज़ाकिस्तान | 9,546 | 22,342 | 27,006 | 14,293 |
| 45 | पाकिस्तान | 16,637 | 28,329 | 26,625 | 12,932 |
| 46 | ब्राज़ील | 12,301 | 21,977 | 24,782 | 10,261 |
| 47 | डेनमार्क | 12,331 | 20,200 | 22,456 | 9,836 |
| 48 | नॉर्वे | 13,449 | 20,057 | 21,682 | 9,118 |
| 49 | ईरान | 13,064 | 18,733 | 21,406 | 9,450 |
| 50 | मेक्सिको | 8,915 | 16,095 | 18,408 | 7,248 |
| 51 | मिस्र | 9,612 | 15,909 | 17,825 | 5,964 |
| 52 | यूक्रेन | 7,304 | 11,502 | 14,875 | 6,133 |
| 53 | बहरीन | 9,959 | 13,932 | 14,041 | 4,085 |
| 54 | चेक गणराज्य | 6,287 | 11,656 | 13,890 | 6,482 |
| 55 | यमन | 19,022 | 21,400 | 13,085 | 3,610 |
| 56 | फ़िनलैंड | 8,781 | 12,241 | 12,764 | 4,846 |
| 57 | सूडान | 24,930 | 14,791 | 10,887 | 3,869 |
| 58 | ग्रीस | 4,988 | 9,206 | 10,596 | 4,254 |
| 59 | नाइजीरिया | 10,072 | 11,466 | 10,059 | 3,079 |
| 60 | अर्जेंटीना | 4,720 | 9,985 | 9,638 | 5,375 |
| 61 | हंगरी | 4,298 | 8,156 | 9,040 | 4,323 |
| 62 | अफ़ग़ानिस्तान | 1,617 | 1,204 | 1,253 | 545 |
| | अन्य | 2,07,704 | 3,68,957 | 4,31,386 | 1,77,719 |
| | **कुल योग** | **64,37,467** | **95,20,928** | **99,51,722** | **32,40,683** |

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

(अ): अनंतिम

*****